INDIAN SCHOOL SOHAR SET-1

FORMATIVE ASSESSMENT-I (2014-15)

विषय-हिन्दी

कक्षा ः VI पूर्णांक ः **20**

दिनांक ः 05-5-2014 समय ः **40** मिनट

....

सामान्य निर्देश **1** - कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में कुल **8** प्रश्न हैं।

2 - प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

....

(1) नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए [4]

मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है।इसके सिर के उपर लगी कलगी को देखकर लगता है जैसे किसी राजा के सिर पर मुकुट है।बादलों को देखकर यह अपने पंख फैलाकर नाचने लगता है। इसकी सुंदर पूँछ किसी रंग-बिरंगे छाते की तरह लगती है जो बरबस हमारा मन मोह लेती है। मोर दाने और हानिकारक कीट-पतंगें भी खाता है।साँप को देखकर यह उस पर झपट पड़ता है और उसके टुकड़े - टुकड़े करके खा जाता है। इसकी अनुपम सुंदरता के लिए ही इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया है।इसे मारना एक अपराध है। इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है।यह प्रकृति की शोभा है। इस शोभा को हमें नष्ट नहीं करना चाहिए।

।क। हमारा राष्ट्रीय पक्षी कौन है ?

।ख। पंख फैलाकर मोर कब नाचता है ?

।ग। मोर की कलगी कैसी लगती है ?

।घ। मोर की सुंदर पूँछ किस तरह मन को मोह लेती है?

(2) निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुदध करें।

आर्शीवाद , शक्ती । [1]

(3) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखें। [1]

तिमिर , अनगिन

(4) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए । [2]

(क) एक कहानियों की पुस्तक दीजिए।

(ख) बच्चे को उबालकर दूध पिलाओ।

(5) निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [2]

स्नेह नदी

(6) निम्नलिखित शब्द और मुहावरे से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए । [2]

जल , हाथ-पाँव फूलना

(7) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। [2]

चुनौती , साक्षी , कहार , सहसा

(8) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [6]

(क) पृथ्वी का अंधकार कैसे दूर किया जा सकता है ?

(ख) कवि किस नाव को बहाते रहने की प्रेरणा दे रहा है और क्यों ?

(ग) रास्ते में डाकू होने की बात सुनकर भी विश्वंभर बाबू क्यों नहीं रुके ?

(घ) डॉक्टर बाबू ने किसका इलाज किया और क्यों ?